# सुविचार

जिस तरह पहली बारिश मौसम का मिजाज बदल देती है उसी प्रकार उदारता नाराजगी का मौसम बदल देती है। - मुक्ता


# अमृत विचार

www.amritvichar.com

बरेली महानगर

बरेली , गुरुवार,12 फरवरी 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन-II
- कानून व्यवस्था मजबूत होने संग साइबर ठगी से मिले निजात-III
- बालिका वर्ग में फायजा बनीं व्यक्तिगत चैंपियन-IV




उत्तर प्रदेश सरकार का यह बजट एक बार फिर नौजवानों, मजदूर, किसानों को निराशा देने वाला ही रहा। गरीब, सामान्य मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग की घोर उपेक्षा इस बजट में हुई है। सरकार के अनुसार बजट तो बढ़ रहा है, मगर सरकार उसे खर्च नहीं कर पा रही है, इसका मतलब सरकार में बैठे लोग अयोग्य हैं। यह बजट इस सरकार की विदाई का बजट साबित होगा।

**-नीरज मौर्य**, सांसद आंवला



उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास और समृद्धि को गति देने वाला है। गांव, गरीब, किसान, युवाओं और महिलाओं को केंद्र में रखकर सर्वस्पर्शी बजट है। उद्योग व स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गयी है। यह बजट उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर व विकसित राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**-सोमपाल शर्मा**, जिलाध्यक्ष भाजपा, बरेली



बजट झूठ के सिवा कुछ नहीं है। सरकार को सबसे पहले यह स्पष्ट करना चाहिए था कि पिछले बजट की घोषणाओं का क्रियान्वयन किस प्रकार किया गया। उन योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक कितना पहुंचा। बजट में शिक्षामित्रों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया है। किसानों के हित में भी बजट में कोई ठोस राहत नहीं दिखाई दे रही है। बढ़ती लागत, खाद-बीज की महंगाई और फसलों के उचित मूल्य जैसे मुद्दों पर सरकार मौन है।

**-मिर्जा अशफाक सकलैनी**
जिलाध्यक्ष कांग्रेस

# बजट : व्यापारियों-उद्यमियों में दिखी चमक

## कारोबारियों ने योगी सरकार के बजट को सराहा, कहा- हर क्षेत्र का रखा ध्यान, सभी के लिए होगा हितकारी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने 2026-27 का 9.12 लाख करोड़ रुपये के बजट का पिटारा खोला तो व्यापारियों और उद्यमियों में नई रोशनी देखने को मिली। व्यापारियों और उद्यमियों ने बजट की सराहना करते हुए अच्छा बजट बताया है। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार ने इस बार के बजट में हर श्रेत्र पूरा ध्यान रखा है। इतना ही नहीं युवाओं के लिए रोजगार की सौगात भी भविष्य में रंग लाएगी। जो प्रदेश के लिए भी सबसे हितकारी होगी।





सिविल लाइंस स्थित एक शोरूम पर यूपी बजट का सीधा प्रसारण देखते लोग। ● अमृत विचार



योगी सरकार का ये लगातार दसवां बजट है जो लगभग दस लाख करोड़ का है। इसमें धार्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दिया है इसलिए मेरा मानना है कि नाथ कॉरीडोर में जागेश्वर और गोला गोकर्णनाथ जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ कर बरेली का विशेष विकास किया जाए।

**-डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी**, गंगा चरण अस्पताल



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बजट में हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। उद्योगों के लिए प्रोत्साहन, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल, छात्राओं के लिये स्कूटी, युवाओं के लिये रोजगार, किसानों के लिए कृषि की योजनायें जैसी मूलभूत सुविधाओं का प्रावधान रखा गया है जोकि बहुत हितकारी है। लगभग हर क्षेत्र के लिये काफी कुछ दिया गया है, जिससे जनता जनार्दन को लाभ मिलेगा।

**-संजीव औतार अग्रवाल**, सर्राफा व्यापारी



बजट उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब-तक का सबसे बड़ा बजट है। इसकी खास बात यह है कि युवाओं व बेरोजगारों को रोजगार देने का भी ध्यान में रखा गया है। इतना ही नहीं स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स जिलेवार बनाने की योजना बनाई गई है। इसमें विभिन्न ट्रेनिंग सेंटर्स और एम्प्लॉयमेंट ओरिएंटेड ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया गया है। उद्योग एवं शहरी विकास के लिए 27,103 करोड़ प्रस्तावित किए गए हैं। इसका फायदा मुख्यत: लखनऊ, मेरठ, मथुरा, वृंदावन और कानपुर को मिलेगा।

**-आशुतोष शर्मा**, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती



बहुत ही बढ़िया बजट है। खासतौर पर एमएसएमई के परिपेक्ष में देखें तो जो सरदार वल्लभ भाई पटेल एंप्लायमेंट इंड्रस्ट्रियल एरिया जनरेशन स्कीम में आई थी कि हर जिले में 50 एकड़ का नया इंडस्ट्रियल क्षेत्र बनेगा। जो बहुत ही सराहनीय है। उसके अलावा सरकार ने तीन हजार करोड़ रुपये प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए अलग से रखे हैं। इसमें सबसे बड़ी समस्या जमीन की होती थी, ऐसे में अब इससे निजात मिलेगी। इस बार का बजट बहुत ही सराहनीय है।

**-मयूर धीरवानी**, चैप्टर चेयरमैन



इस साल नौ लाख करोड़ का बजट पेश कर राज्य को विकास की नई राह दिखाई है। उद्योग के लिये 10 हजार करोड़ का एमएसएमई ग्रोथ फंड देकर उद्योगों के विकास का संकल्प दोहराया है। इलेक्ट्रानिक उद्योग को पांच वर्ष की टैक्स छूट की घोषणा इस क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खोलेगी और रोजगार के अवसर खोलेगी। इंडिया एसईएमआई के लिए 12 लाख करोड़ इत्यादि की घोषणा प्रदेश की औद्यागिक विकास को नई दिशा देगी। यह एक अत्यन्त प्रगतिशील बजट रहा।

**-बिमल रेवाड़ी**, सीईसी मेंबर आईआईए



इस बार का बजट बहुत ही अच्छा है और उद्योग हित में है। योगी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर काफी फंड दिया है। जो कि एमएसएमई के लिए अत्यंत आवश्यक है। युवा समर्थ योजना एवं एआई मिशन की शुरुआत की है। बजट में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पंजीकरण और लाइसेंसिंग की प्रक्रिया को और सरल बनाने की बात कही गई है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के लिए दुर्घटना बीमा और लेबर अड्डों के निर्माण का भी प्रस्ताव है।

**-अभिनव अग्रवाल**, उद्यमी

# युवाओं को रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा-आत्मनिर्भरता पर फोकस

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **कौशल विकास और महिलाओं के आर्थिक सामाजिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता वाली योजनाओं और उपलब्धियों का खाका किया प्रस्तुत**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में रोजगार सृजन, युवाओं के कौशल विकास और महिलाओं के आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए व्यापक योजनाओं और उपलब्धियों का खाका प्रस्तुत किया गया। विभागों में नियुक्तियों और सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने जैसे कदमों से रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर जोर दिया गया।

वहीं, कौशल प्रशिक्षण, मुफ्त कोचिंग, डिजिटल सशक्तिकरण और खेल प्रोत्साहन से युवाओं को नई दिशा देने की पहल की गई है। दूसरी ओर, महिला सामर्थ्य, सेफ सिटी, बीसी सखी और सुमंगला जैसी योजनाओं के जरिए महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और आर्थिक भागीदारी को मजबूती देने का दावा किया गया है।



योगी सरकार के बजट में स्कूटी से लेकर स्किल डेवलपमेंट तक इस बात का ध्यान रखा गया है, कि बजट में महिलाओं और बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़े। उत्तर प्रदेश में बजट के समय अपराध के जो आंकड़े प्रस्तुत किए गए उससे यह बात भी स्पष्ट हुई कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की संख्या में कमी आई है। मुझे लगता है कि उत्तर प्रदेश के उत्तम प्रदेश की ओर बढ़ने की दिशा में एक सही और संतुलित बजट है।

**-प्रो. वंदना शर्मा**, बरेली कॉलेज बरेली



यह बजट विपक्ष की राजनीति से ऊपर उठकर महिलाओं के वास्तविक सशक्तीकरण का बजट है। जहां सुरक्षा भी है, सम्मान भी है और आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने का संकल्प भी है। कुल मिलाकर, यह बजट महिलाओं को केवल कल्याण का लाभार्थी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक बनाने की नीति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

**-प्रो. अनीता त्यागी**, रुहेलखंड विश्वविद्यालय



# बजट से बेहतर होगी नाथ नगरी, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के 2026-27 के 9.12 लाख करोड़ रुपये के बजट में व्यापारियों और उद्यमियों के साथ ही किसानों और धार्मिक शहरों को प्राथमिकता दी गई है। ऐसे में यहां के किसानों के साथ ही नाथ नगरी को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन बढ़ने से लोगों को व्यापार के भी अवसर मिलेंगे। किसानों ने भी इस बजट की सराहना की है। बरेली के लिए भी शिक्षा, खेल, महिला सशक्तिकरण, डेयरी उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के जरिए विकास की नई रफ्तार तय करने का दावा किया गया है।





आज के बजट में युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ी हैं। किसानों के लिए भी उपकरण सहित कई सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। व्यापारी वर्ग को यदि मेडिकल क्लेम मिलता तो और बेहतर होता। कुल मिलाकर देखा जाए तो ये बजट आम जनता के हित में दिखाई दे रहा है।

**रामकृष्ण शुक्ला**, महानगर अध्यक्ष, व्यापारी सुरक्षा फोरम



प्रदेश सरकार के बजट को किसान-विरोधी बताया है। संगठन का कहना है कि बढ़ती खेती लागत, गन्ना बकाया, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, आवारा पशुओं से फसल सुरक्षा और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन यह बजट किसानों की उपेक्षा को उजागर करता है। सरकार के बजट के प्रावधानों से किसानों की स्थिति सुधरने वाली नहीं है।

**-प्रताप सिंह**, भारतीय किसान यूनियन (शंकर)



सरकार ने किसानों के हित में कोई विशेष घोषणा नहीं की है। किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा जैसी हालत है। जो योजनाएं चल रही हैं। उन्हें ही बताया गया है। किसानों की फसल की लागत कम करने के लिए भी कोई बात नहीं की गयी। यूरिया के कट्टे में पहले 50 किलो से 45 किलो, अब 45 से 40 किलो की व्यवस्था की जा रही है। किसान इस बजट से अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है।

**-चौधरी शिशुपाल सिंह**, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)



प्रस्तावित बजट सर्वस्पर्शी व बहुमुखी विकास को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, सुरक्षा, सड़क हर विषय पर ध्यान दिया गया है। सरकार 50 लाख करोड़ के एमओयू साइन कर चुकी है। इससे आने वाले वर्षों में प्रदेश में विकास, रोजगार और व्यापार हर क्षेत्र में उन्नति होगी। पीएम स्वरोजगार योजना से स्व रोजगार करने के इच्छुक योग्य नागरिकों को और सीएम युवा उद्यमी योजना से युवाओं को पूंजीगत सहायता मिलेगी और नए रोजगार सृजित होंगे।

**-लव शर्मा**, व्यापारी



प्रदेश सरकार ने अपने बजट में प्रदेश की गरीब बेटियों के सुनहरे भविष्य के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मिलने वाली 50 हजार की सहायता राशि को बढ़ाकर अब एक लाख कर दिया गया है। सरकार का यह फैसला उन हजारों पिता के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जो बेटी के विवाह योग्य होने पर उसकी शादी के खर्चों को लेकर चिंतित रहते थे। अब गरीब परिवार की बेटियों का विवाह भी पूरे मान-सम्मान के साथ संपन्न हो सकेगा।

**-सुशील पाठक**, श्री शिरडी साई सेवा ट्रस्ट



आज के बजट में महिलाओं की सुविधाओं को विशेष तौर से ध्यान दिया गया है। महिला व्यापारियों के लिए भी रोजगार के अवसर खुले हैं। आम व्यापारी को ऑनलाइन व्यापार से बहुत नुकसान है। यदि इस पर अंकुश लगाने की बात होती तो आम व्यापारी को इसका बहुत लाभ मिलता।

**-दीपक द्विवेदी**, महानगर महामंत्री व्यापारी सुरक्षा फोरम



बजट में किसानों को खाद (उर्वरक) उपलब्धता के लिए कोई ठोस कदम उठाने पर विचार नहीं किया गया। किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए अवश्य ध्यान देना चाहिए। जानवर आए दिन फसल खराब करते हैं, उस पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। किसानों को आगे भी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

**-ओमशंकर सक्सेना**, किसान



आज के बजट में व्यापारियों के लिए कुछ खास नहीं है, छोटे व्यापारियों को इस बजट में सिर्फ उम्मीद दी गई है बाकी विशेष कुछ नहीं है। सरकार को छोटे व्यापारियों के विषय में भी सोचना चाहिए था। जिससे उन्हें भी आगे जाने का मौका मिल सके। इस बार का बजट भी बड़े लोगों का ही ध्यान रखा गया है।

**-मशकूर खां**, व्यापारी नेता

## कामकाजी महिलाओं के लिए बनेगा हॉस्टल

**बरेली, अमृत विचार :** बजट में सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत बरेली शहर में वर्किंग वूमेन हास्टल बनेगा, इसमें उन महिला कर्मचारियों को रहने की सुविधा मिलेगी, जो अपने घर से दूर रहकर कार्य करती हैं, ताकि उन्हें हर तरह से सुरक्षा का माहौल दिया जा सके।

सेफ सिटी की अवधारणा को मूर्तरूप देने व कामकाजी महिलाओं को सुरक्षा व नगर निगम में वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निर्माण कराने का प्रावधान बजट में किया गया है। मिशन शक्ति के अंतर्गत सुरक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सेवाओं के एकीकरण से महिलाओं को आत्म निर्भरता और सामाजिक सहभागिता को नई दिशा देने का कार्य किया जाएगा।

**श्रमिकों को भी मिलेगी राहत :** शहर में अभी बीसलपुर चौराहा, डीडीपुरम चौक, राजेंद्र नगर चौराहा, गन्ना मिल के पास सुबह 5 से 10 बजे तक काम की तलाश में सैकड़ों की संख्या में मजदूर खड़े होते हैं। यहां वे लोग पहुंचते हैं, जो दूर दराज गांवों से आते हैं। बजट में मजदूरों के खड़े होने वाले स्थानों पर लेबर अड्डों का निर्माण कराया जाएगा। कहां-कहां लेबर अड्डों की स्थापना की जाएगी, इसको लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है।



उत्तर प्रदेश के बजट को यदि समग्र दृष्टि से देखा जाए, तो यह महिलाओं और युवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सुविचारित प्रयास प्रतीत होता है। महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं को सुदृढ़ किया गया है। कन्या शिक्षा, छात्रवृत्ति, स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में बजट सकारात्मक संकेत देता है।

**-प्रो. पूनम रानी**, बरेली कॉलेज बरेली



बजट को युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और डिजिटल लर्निंग को प्राथमिकता दी गई है। स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देकर युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर मिला है। रोजगार सृजन की योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगी। टेक्नोलॉजी और रिसर्च में निवेश से नई संभावनाएं खुलेंगी। ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए समान अवसर पर जोर दिया गया है।

**-वाणी शंखधार**, छात्रा रुहेलखंड विश्वविद्यालय



यूपी सरकार के बजट में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ सुरक्षित बनाने पर जोर दिया गया है। बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपए का प्रावधान दिया गया। मेधावी छात्राओं के लिए स्कूटी योजना भी कारगर होगी। महिलाओं के लिए विशेष स्किल योजनाएं के साथ वृद्धावस्था पेंशन की वृद्धि से सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के दृष्टि से महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए।

**-डॉ. शीतल गुप्ता**, बरेली कॉलेज बरेली



कौशल आधारित शिक्षा पर जोर स्वागतयोग्य है। इससे युवाओं को रोजगार के लिए बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। नए उद्योगों और निवेश से नौकरी के विकल्प बढ़ेंगे। बजट युवाओं के लिए भरोसे और उम्मीद का संदेश देता है।

**-आनंद कठेरिया**, एबीवीपी



देश में बढ़ती बेरोज़गारी और महंगाई के बीच बजट ने काफी हद तक युवाओं को निराश किया है। करोड़ों पढ़े-लिखे युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन सरकार रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्टार्टअप्स के लिए कोई ठोस रोडमैप नहीं लाई।

**-अविनाश मिश्रा**, समाजवादी छात्र सभा



बजट में युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। प्रशिक्षण और रोजगार योजनाओं से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को लाभ की उम्मीद है। अब जमीनी स्तर पर योजनाओं का असर दिखना चाहिए। इससे युवाओं को बदलते समय के अनुरूप तैयार होने का मौका मिलेगा। डिजिटल और औद्योगिक निवेश रोजगार बढ़ाने में सहायक होगा।

**-शैलेंद्र सिंह चौहान**, युवा



सरकार ने इस बार बुनियादी ढांचे, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, युवाओं और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। सरकार का लक्ष्य राज्य को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाना है। औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने और एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए भी विशेष योजनाएं घोषित की गई हैं। कृषि क्षेत्र के लिए बजट आवंटन में वृद्धि की गई है।

**-विनीश अरोड़ा**, सीए



ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए पशुधन पर अधिक जोर दिया है, पशु चिकित्सालय के लिए अधिक से अधिक धन आवंटित किया है, बजट में एक सराहनीय कदम है।

**- शिरीष गुप्ता**, व्यापारी नेता

## जर्जर सड़क से हादसों का डर



राजेन्द्र नगर शिवाजी चौक के समीप जर्जर हाल में सड़क। ● अमृत विचार

**महिला समर्थ योजना** | डेयरी सेक्टर के विकास को रफ्तार मिलने के साथ ही ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे

# बरेली को महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सौगात

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **स्थानीय स्तर पर दुग्ध संग्रहण और विपणन में आएगी तेजी**
- **पशुपालकों को दूध का सही दाम मिलने से बढ़ेगी आमदनी**

**अमृत विचार :** भाजपा सरकार ने महिलाओं को समृद्ध बनाने के लिए बरेली के लिए महिला समर्थ योजना के अंतर्गत मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सौगात दी है। कंपनी दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में महिलाओं को समृद्ध बनाने का कार्य करेगी। इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जो महिलाएं दुग्ध उत्पादन का कार्य करती हैं, उन्हें दूध बेचने के लिए एक और मंच मिलने के साथ दाम भी ज्यादा मिलेंगे। इससे दुग्ध संग्रहण और विपणन (मार्केटिंग) के कार्य में कंप्टीशन बढ़ेगा। इसका लाभ महिलाओं को मिलेगा। वह आत्मनिर्भर बनेंगी।

योगी सरकार के बजट में महिला सामर्थ्य योजना के अंतर्गत प्रदेश में पांच जिलों में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों के गठन का प्रावधान किया गया है। इनमें जनपद गोरखपुर, बरेली और रायबरेली में कंपनी का गठन करके दुग्ध संग्रहण एवं विपणन का कार्य प्रारंभ हो गया है। इससे माना जा रहा है कि कंपनी जल्द बरेली में अपना स्ट्रक्चर स्थापित करेगी। बरेली दुग्ध सहकारी संघ के अधिकारियों ने बताया कि अभी बरेली सहित बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपद में दुग्ध संग्रहण का कार्य संघ कर रहा है। प्रतिदिन करीब 65 हजार लीटर दूध मंडल से एकत्र कर पराग को दिया जा रहा है, लेकिन मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के आने के बाद कंप्टीशन बढ़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए साधन बनेंगे और जो महिलाओं को दुग्ध उत्पादन के लिए बढ़ावा मिलेगा। यह कंपनी दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में खूब निवेश करती है। बताते हैं कि यदि कंपनी ने बरेली में 50 हजार लीटर की क्षमता का प्लांट लगाया तो करीब 50 से 55 करोड़ रुपये का निवेश होगा।



योजना के तहत गांव-गांव महिलाओं के छोटे-छोटे समूह बनाकर दूध संग्रहण किया जाएगा। परियोजना से जनपद के हजारों पशुपालकों, ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के नए अवसर खुलेंगे, इसके साथ जिले का डेयरी सेक्टर आत्मनिर्भर बनेगा। बरेली दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रधान प्रबंधक मनीष सिंह का कहना है कि बजट में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी बरेली में स्थापित होने की बात सुनी है, जब तक लिखित रूप से कोई पत्र नहीं मिल जाता तब तक इस मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकते हैं। अभी हमारा संघ प्रतिदिन बरेली मंडल से 65 हजार लीटर दूध एकत्र कर रहा है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO.9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

# निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

## बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन की अगुवाई में जुटे कई संगठन, जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बैंक के बाहर प्रदर्शन करते बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** निजीकरण के विरोध में बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन की अगुवाई में कई संगठनों ने बुधवार को यूनियन बैंक की मुख्य शाखा के सामने प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की 11 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों में से 10 का एक साथ आना अपने-आप में बड़ी बात है।

बीमा कर्मी संघ की गीता शांत ने कहा कि हड़ताल को बदनाम करने के लिए सरकार और कॉरपोरेट मीडिया इसे राजनीतिक कहकर खारिज करना चाहते हैं, लेकिन सवाल यह है क्या श्रम संहिताओं को बदलना राजनीतिक नहीं है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के ध्यान चंद्र मौर्य ने कहा कि चार नई श्रम संहिताएं श्रम सुधार नहीं, बल्कि पूंजी के पक्ष में श्रम कानूनों की पुनर्संरचना हैं, इनका उद्देश्य हड़ताल के अधिकार को लगभग निष्प्रभावी करना है। उपाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा फिक्स टर्म एंप्लॉयमेंट को रोजगार सृजन के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। वास्तव में यह स्थायी रोजगार की समाप्ति और अस्थिर श्रम बाजार की स्थापना है। यह नीति युवा श्रमिकों को आजीवन असुरक्षा, कम मजदूरी और बिना सामाजिक सुरक्षा के जीवन के लिए बाध्य करती है। अधिकारी संघ के ओपी वडेरा और सुनीत भटनागर ने तमाम विभागों में रिक्त पदों को स्थाई रूप से भरने की मांग की।

प्रवीण राठौर, अरविंद देव सेवक, केपी सिंह, अनुरोध सक्सेना, अमित कुमार, हरि शंकर ,कैलाश, फैसल, सुशील कुमार आदि ने भी विचार रखे। सभा की अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने की। महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि गुरुवार को देश के मजदूर, कर्मचारी और किसान अखिल भारतीय आम हड़ताल में उतरने जा रहे हैं।

# बड़े भाई की हत्या में सजा काट रहे कैदी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेंट्रल जेल में बीमार होने पर जेल के अस्पताल में चल रहा था उपचार

**अमृत विचार :** बड़े भाई की हत्या में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सेंट्रल जेल में बंद कैदी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जेल प्रशासन ने कैदी के परिवार को उसकी मौत की सूचना दी गई। कैदी के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद बुधवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जिला सहारनपुर के थाना बड़ा गांव क्षेत्र के गांव दलहेड़ी निवासी सदेश (45 वर्ष) इन दिनों सेंट्रल जेल में बड़े भाई पवन की हत्या में सजा काट रहा था। मृतक कैदी के भतीजे हैप्पी ने बताया कि वर्ष 2010 में सदेश के बड़े भाई पवन ने आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि पवन की पत्नी सुशीला ने अपने मायके पक्ष के लोगों के साथ मिलकर ससुराल पक्ष के ससुर, जेठ, देवर और देवरानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में कोर्ट ने परिवार के चार सदस्यों को सजा सुनाई गई थी।

सजा के दौरान देवरानी को गर्भवती होने के कारण कोर्ट से राहत मिल गई थी, जबकि परिवार के तीन सदस्य जेल में सजा काट रहे थे। इनमें से ससुर की करीब पांच वर्ष पहले सहारनपुर जेल में मौत हो गई थी। सदेश पिछले दो वर्षों से बरेली की सेंट्रल जेल इज्जत नगर में बंद थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जेल के अस्पताल में मंगलवार की रात उनकी हालत बिगड़ी। इसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# किशोरी संग दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

- जबरन दवा खिलाकर गर्भपात कराने का भी आरोप

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार:** नाबालिग लड़की (15) को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने के आरोपी थाना हाफिजगंज क्षेत्र निवासी रूप किशोर की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 देवाशीष ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता ने 24 नवम्बर 2025 को थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2014 में रूप किशोर उसे शादी का झांसा देकर लम्बे समय तक दुष्कर्म करता रहा। उसके अश्लील फोटो व वीडियो उसके पास हैं, जिससे वह ब्लैकमेल करता रहा। जब गर्भवती हुई तो जबरन दवा खिला कर गर्भपात करा दिया। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी।

# मृतक आश्रितों को 1.57 करोड़ का मुआवजा देगा परिवहन निगम

विधि संवाददाता, बरेली

- मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने दिया आदेश

**अमृत विचार:** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की ओर से तीन याचिकाओं को निस्तारित कर सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को कुल 1 करोड़ सत्तावन लाख तिरपन हजार नौ सौ नवासी रुपये मुआवजा दिये जाने का निर्णय दिया गया है।

प्रथम याचिका में 55 वर्षीय रामपाल की रोडवेज बस से थाना भमोरा क्षेत्र में दुर्घटना हुई थी, जिसमें न्यायालय ने मृतक के आश्रित को 37,61,020 रुपये व द्वितीय याचिका में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले सहदेव सिंह की पत्नी व बच्चों को 54,80,911 रुपये व तृतीय याचिका में सुधीर कुमार की रोडवेज बस से बजीरगंज थाना क्षेत्र में दुर्घटना हुई थी, जिसमें सुधीर कुमार यादव की पत्नी व बच्चों को 65,12,058 रुपये मुआवजा निर्धारित कर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को मय 7 प्रतिशत ब्याज याचिका दायर होने की तिथि से निर्णीत होने की तिथि तक एक माह के भीतर मृतकों के आश्रितों को अदा किये जाने का आदेश दिया है। याचिकाओं की पैरवी मृतकों के आश्रितों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता पीके अग्रवाल, अधिवक्ता मिथलेश कुमार सिंह और अधिवक्ता शैलेन्द्र अग्रवाल ने की।

# मार्बल कारोबारी से मांगी रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दुकान पर कब्जा करना चाह रहे आरोपी, एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** मार्बल कारोबारी को दो लोगों ने 20 लाख रुपये ब्याज पर देकर रंगदारी मांगकर दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। उसके बाद उसे अपने घर पर बुलाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। किसी तरह उसने वहां से भागकर जान बचाई। एसएसपी के आदेश पर दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

राजस्थान के मकराना नगौर निवासी रिजवान अहमद ने बताया कि वह मौजूदा समय में बारादरी थाना क्षेत्र के पुराना शहर के कटिकईया में रह रहा है। पिछले 13 साल से वह मिनी बाईपास पर मार्बल पत्थर की दुकान चला रहा है। आरोप है कि 6 साल पहले उसकी दुकान पर मोहम्मद साजिद और इकबाल आए। उन्होंने कहा कि तुब बाहर के हो, हम लोकल के है, हमारा क्षेत्र में दबदबा है। आरोपियों ने कहा कि हम ब्याज का काम करते हैं। तुम काम बढ़ाओ हमें 2 प्रतिशत का ब्याज देते रहना। लॉकडाउन में उसे कारोबार में बड़ा नुकसान हो गया। इसके बाद उसने साजिद और इकबाल से 20 लाख रुपये दो प्रतिशत के ब्याज से 1 दिसंबर 2020 को लिए थे। उसके बाद आरोपियों ने पांच-पांच लाख रुपये के चेक केवल हस्ताक्षर कराकर ले लिए थे। जिसे ब्याज व मूलधन सहित उसने आरोपियों को 1 जनवरी 2021 से बराबर एक लाख 25 हजार रुपये प्रतिमाह देने लगा। उसने अपने ब्लैंक चेक मांगे तो उसने वापस नहीं दिए। आरोप है कि ब्याज और मूलधन देने के बाद भी आरोपी दुकान पर आकर कब्जा करने की धमकी देते हैं। 22 जनवरी 2026 को रात में इकबाल रजा ने उसे अपने घर पर बुला लिया। उसके बाद वह साजिद के घर ले गया। उसके बाद उन्होंने जान से मारने की धमकी दी।

## उधार के रुपये मांगने पर पीटा, कार तोड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** उधार के रुपये मांगना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करके गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर कार में तोड़फोड़ कर दी। इज्जतनगर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मुड़िया अहमदनगर निवासी राजीव पटेल ने बताया कि उसने कुछ समय पहले नेत्रपाल को कुछ रुपये उधार दिए थे। आरोप है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो गाली गलौज करने लगा। उसके बाद वह 9 फरवरी को गांव के मेडिकल स्टोर के पास से गुजर रहा था तभी नेत्रपाल और उसके साथी अनिल यादव ने रोक लिया। उसके बाद वह 2 हजार रुपये मांगने लगा। मना करने पर गाली गलौज करके उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। उसकी कार में आगे पीछे से तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित ने बताया कि मारपीट करने वाले आरोपी दबंग है, उनके खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज है। इज्जतनगर पुलिस ने नेत्रपाल यादव और अनिल यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# नए ट्रांसमिशन से जोड़ी किला सबस्टेशन की 33 केवी लाइन



बिजलीघर का निरीक्षण करते अफसर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए मुख्य अभियंता के निर्देश पर काम कराए जा रहे हैं। सुभाषनगर के बाद अब किला सबस्टेशन को भी बदायूं रोड पर बनाए गए ट्रांसमिशन से जोड़ दिया गया है। 27 हजार उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी।

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत नई 7.5 सर्किट किमी 33 केवी लाइन का निर्माण कर किला सबस्टेशन को 220/33 केवी ट्रांसमिशन बदायूं रोड उपकेन्द्र से ऊर्जीकृत किया गया है। नई लाइन से 33/11 केवी किला उपकेन्द्र पर 33 केवी लाइन के तीन सोर्स बन गए हैं। वहीं अफसरों ने उपकेंद्र का निरीक्षण किया।

## कई इलाकों में आज बंद रहेगी बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए विभाग की ओर से लगातार मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं। गुरुवार को विद्युत उपकेंद्र महानगर के तहत आने वाले आकांक्षा फीडर पर आरडीएसएस कंपनी की ओर से बंच केबल डालने और पोल लगाने का काम किया जाएगा। इसके चलते मुंशी नगर आधारशिला-1 व 2, आकांक्षा एंक्लेव आदि क्षेत्र की आपूर्ति सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी।

सबसे पुराना दवाखाना

गुप्त रोगी मिलें

हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें

भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडिलिस्ट

डा. शेख

हर मंगलवार निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड

बरेली

9837023223

# कन्हैया गुलाटी पर एक और रिपोर्ट, 60 लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पैसे वापस मांगने पर व्हाट्सएप कॉल पर आरोपी दे रहा जान से मारने की धमकी
- कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ की कार्रवाई

**अमृत विचार:** बाराबंकी के 60 लोगों को कन्हैया गुलाटी ने करोड़ों रुपये की चपत लगा दी। अब पैसे वापस मांगने पर वह वहाटसप कॉल पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जिला बाराबंकी के थाना कोतवाली के सत्यप्रेमी नगर निवासी ब्रह्मस्वरूप ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के कहने पर 11 लाख 17 हजार रुपये का निवेश किया था। उसके साथ 59 अन्य लोगों ने भी कंपनी में करोड़ों रुपये निवेश किए थे। आरोप है कि पैसा लेने के बाद कन्हैया गुलाटी भूमिगत हो गया। अब वह वहाटसप कॉल पर पैसे मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने बारादरी पुलिस और एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# समस्याओं को संगठित रूप से उठाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बैठक में मौजूद भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- पीर बहोड़ा इकाई का गठन किया व्यापारियों की कई समस्याओं पर हुई चर्चा

**अमृत विचार :** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पीर बहोड़ा रोड बैरियर चौकी के आगे व्यापारियों की एक बैठक कर स्थानीय ईकाई का गठन किया। इसमें टाइल्स, हार्डवेयर, लोहा, लकड़ी और अन्य व्यवसायों से जुड़े बड़ी संख्या में व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही व्यापार हितों की सामूहिक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।

सभा में नवनिर्मित इकाई के माध्यम से क्षेत्रीय व्यापारियों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाने, बाजार की सुरक्षा, रोजगार संरक्षण और व्यापारिक वातावरण को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। उपस्थित व्यापारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि मजबूत संगठन ही वर्तमान चुनौतियों का प्रभावी समाधान दिला सकता है। इकाई गठन के उपरांत बैठक में ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव पर भी विस्तार से चर्चा हुई। व्यापारियों ने कहा कि ई-कॉमर्स कंपनियां भारी छूट, कैशबैक, मुफ्त डिलीवरी और आसान रिटर्न जैसी सुविधाओं के माध्यम से ऐसी प्रतिस्पर्धा पैदा कर रही हैं, जिसमें पारंपरिक दुकानदार के लिए लागत निकालना भी कठिन हो रहा है।

किराया, बिजली, वेतन, टैक्स एवं अन्य खर्चों के बीच स्थानीय व्यापारी लगातार दबाव में है, जिससे बाजारों की रौनक और रोजगार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। सरकार से ऑनलाइन और ऑफलाइन व्यापार के बीच संतुलित नीति बनाने की मांग की गई। जीएसटी विभाग के सचल दल की कार्यशैली पर भी चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री अनुज गुप्ता ने किया व अध्यक्षता कुमार गौरव शर्मा ने की। सभा में जुनैद चौधरी, मनजीत सिंह, संजय सिंह, जसपाल सिंह बग्गा, दौड़ दयाल अग्रवाल, मोनम शर्मा, विजय प्रताप सिंह, बल्ले ठाकुर सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

सहूलियत | बरेली से होकर गुजरेंगी ट्रेनें, अभी से सीटों को लेकर मारामारी

# होली : चार और स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा, मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** होली के चलते ट्रेनों में अभी से लोगों को कन्फर्म सीट नहीं मिल पा रही है। इसको ध्यान में रखते हुए रेलवे की तरफ से चार और स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की गई है। ये ट्रेनें बरेली से होकर गुजरेंगी। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

होली चार मार्च को है। इसके चलते बरेली से गुजरने वाली अप-डाउन की ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। बुधवार को रेलवे ने बरेली होते हुए चार स्पेशल ट्रेनों की समय सारिणी जारी की है। स्पेशल ट्रेनों के संचालन के बाद मार्च में होली के दौरान लोगों को आसानी से कन्फर्म टिकट मिल सकेगा। 05005 बढ़नी-अमृतसर स्पेशल ट्रेन चार से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को बढ़नी से दोपहर 3:10 बजे चलने के बाद रात 11:10 बजे बरेली आएगी। वहीं 05006 अमृतसर-बढ़नी स्पेशल ट्रेन पांच से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को अमृतसर से दोपहर 12:45 बजे चलने के बाद रात 10:34 बजे बरेली आएगी। 05301 मऊ-अंबाला स्पेशल ट्रेन पांच से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को मऊ से सुबह चार बजे चलने के बाद सीतापुर होते हुए दोपहर तीन बजे बरेली आएगी। 05302 अंबाला-मऊ स्पेशल ट्रेन छह से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को अंबाला से रात 1.38 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 10:38 बजे बरेली आएगी।

## वेटिंग लंबी होने के चलते इन ट्रेनों में नहीं हो रही बुकिंग

मार्च के पहले सप्ताह में 13429 वाराणसी-आनंद विहार साप्ताहिक, 20503-04 राजधानी एक्सप्रेस, 12392-91 श्रमजीवी एक्सप्रेस, 15910-09 अवध-असम एक्सप्रेस, 12204-05 सहरसा गरीब रथ, 12372-73 दिल्ली-हावड़ा साप्ताहिक सुपरफास्ट, 19269 मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट में वेटिंग लंबी होने के कारण टिकट बुकिंग बंद कर दी गई है। 22542-43 वाराणसी गरीब रथ, 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, 15005-06 राप्ती गंगा एक्सप्रेस समेत अयोध्या एक्सप्रेस, पदमावत एक्सप्रेस, लखनऊ मेल आदि ट्रेनों में भी बुकिंग नहीं हो रही।

## अप्रैल से मेल एक्सप्रेस बनकर चलेंगी तीन सुपरफास्ट ट्रेनें

बरेली होकर गुजरने वाली तीन सुपरफास्ट ट्रेनें अप्रैल से मेल-एक्सप्रेस के रूप में दौड़ेंगी। रेलवे ने इन गाड़ियों का नंबर बदल दिया है। समय सारिणी में भी कुछ बदलाव किया जाएगा। 14 अप्रैल से गाड़ियों का संचालन नए नंबर से शुरू कर दिया जाएगा। सुपरफास्ट के स्थान पर मेल-एक्सप्रेस के रूप में इन गाड़ियों का संचालन शुरू होने के बाद किराया भी कुछ कम हो जाएगा। जिसमें अब नए नंबर 13035-36 हावड़ा-देहरादून, उपासना एक्सप्रेस, 13037-38 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस, 13041-42 हावड़ा-जम्मूतवी हिमगिरि एक्सप्रेस से संचालित की जाएगी।





# यूपी बजट 2026-27







## बजट पर बोले कांग्रेसी



बजट में कुछ खास नहीं है। लगता है कि यह बजट सरकार को विदाई देने वाला बजट है, जिसमें गरीबों, मजदूरों, बेरोजगारों राहत नहीं है और किसानों की मुख्य समस्याओं (जैसे एमएसपी, कर्ज माफी, उर्वरक उपलब्धता एवं सिंचाई) पर ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गरीबों, बेरोजगारों एवं किसानों का वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं है। यह बजट सिर्फ चुनावी लगता है। **-दिनेश दद्दा**, एडवोकेट, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष



बजट से आम आदमी, किसान, मजदूर, युवा और कर्मचारी वर्ग को कोई वास्तविक लाभ मिलने वाला नहीं है। सरकार ने बजट को विकास का नाम दिया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि योजनाओं के नाम पर केवल धन के दुरुपयोग और कमीशनखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। लोग बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं। युवा बेरोजगार हैं, लेकिन सरकार ने राहत देने के बजाय केवल कागजी घोषणाएं की हैं। **-पंडित राज शर्मा**, प्रवक्ता कांग्रेस



बजट से लोगों को निराश हाथ लगी है। भाजपा सरकार सिर्फ उद्योगपतियों के हितों का ध्यान रखती है, उसी हिसाब से बजट बनाया जाता है। बजट में आम आदमी के हितों को ध्यान में रखा गया है। जिले में भाजपा के सात विधायक हैं, तीन एमएलसी है, एक सांसद होने के बाद भी बरेलीवासियों को पूरी तरह से निराश हुई है। उनको बहुत उम्मीद थी कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बरेली को बड़ी सौगात मिलेगी। **-डॉ. केबी त्रिपाठी**, प्रदेश प्रवक्ता



बजट प्रदेश की जनता को हकीकत नहीं बल्कि भविष्य के खोखले सपने दिखाने का एक असफल प्रयास है। बजट किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों और गरीब वर्ग की समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सरकार हर साल कागजी योजनाओं के सहारे जनता को गुमराह करने की कोशिश करती है, जमीनी सच्चाई यह है कि पुरानी घोषणाएं आज तक धरातल पर नहीं उतर सकीं।
**-चौधरी असलम मियां**, पूर्व कोऑर्डिनेटर

# कानून व्यवस्था मजबूत होने संग साइबर ठगी से मिले निजात

### बजट के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि लोगों को सुरक्षा के लिए किए जा रहे कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की तरफ से मंगलवार को विधानसभा में बजट पेश किया गया। बजट में कानून-व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है। मिशन शक्ति के तहत महिला बीट पुलिसकर्मियों के लिए वाहन खरीदने के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा पुलिस के गैर-आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 1,374 करोड़ रुपए और पुलिस आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 1,243 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है। बजट की घोषणा के दौरान सरकार ने कानून-व्यवस्था में सुधार का दावा करते हुए बताया कि वर्ष 2016 की तुलना में डकैती में 89 फीसदी, लूट में 85 फीसदी, हत्या में 47 फीसदी, बलवा में 70 फीसदी और फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में 62 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। अब ऐसे में जिले के लोगों का कहना है कि सरकार के बजट से लोगों की सुरक्षा के साथ ही साइबर ठगी से भी राहत मिले। फिलहाल, बजट में सुरक्षा को लेकर फिक्र दिखी है।



यूपी सरकार के बजट में लोगों की सुरक्षा का भी ख्याल रखा गया है। वहीं सरकार को चाहिए कि साइबर ठगी के लगातार मामलों को देखकर उस पर भी रोक लगाकर लोगों को राहत दी जाए। **-हृदेश कुमार**, व्यापारी



मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिस कर्मियों के लिए जो घोषणा हुई है, उससे महिला अपराध पर लगाम लगेगी। मिशन शक्ति अभियान लगातार चलने से महिलाओं की सुरक्षा मजबूत हुई है। **-अलका**, गृहणी



बड़ी संख्या में जिले में लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे है। ऐसे में साइबर अपराध पर भी रोकथाम जरुरी है। जिससे लोगों का मेहनत का रुपया ठगने से बचाया जा सके। **-राजीव कुमार**, व्यवसायी



बजट में कानून-व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। महिला अपराध पर अंकुश लगने के साथ ही लोगों की सुरक्षा को लेकर भी अहम कदम उठाने होंगे। **-रामकुमार**, छात्र

## बरेली में एम्स और मेट्रो शुरू कराने की मांग उठायी

- **विधानसभा में गूंजे बरेली के मुद्दे विधायक संजीव अग्रवाल ने रखीं कई मांगें**

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा के कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने बुधवार को विधानसभा में बरेली के कई प्रमुख मुद्दे जोर-शोर से उठाए। संजीव अग्रवाल ने विधानसभा में बरेली से कई उड़ानों को शुरू करने के साथ मेट्रो रेल सेवा शुरू कराने की मांग रखी। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने विधानसभा में कहा कि नाथ नगरी के रूप में बरेली को नाथ कॉरिडोर की सौगात मिली है। धार्मिक पहचान को भव्य स्वरूप मिला है। बरेली को मेडिकल, एजुकेशन और ट्रेडिंग हब बताते हुए यहां एम्स की स्थापना की मांग की, ताकि बरेली मंडल, आसपास के मंडलों और कुमायूं क्षेत्र के लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। साथ ही जरी, बांस-बेत, फर्नीचर और प्लाई उद्योग से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहन एवं संरक्षण देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ऐतिहासिक बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग दोहराई। सुभाष नगर अंडरपास के शीघ्र शुभारंभ की बात कहते हुए मढ़ीनाथ क्षेत्र में भी अंडरपास निर्माण की आवश्यकता बताई। एयरपोर्ट से सीमित उड़ानों को बढ़ाते हुए जयपुर-अहमदाबाद, लखनऊ-कोलकाता, बरेली-लखनऊ-वाराणसी, बेंगलुरु-चेन्नई-तिरुपति के लिए उड़ानें प्रारंभ करने की मांग की। चारधाम यात्रा के लिए सिविल एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की मांग की। बरेली में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने, बदायूं रोड पर नए बस अड्डे के निर्माण की मांग की।

### लोकतंत्र सेनानियों के लिए सम्मान राशि, सुविधाओं में वृद्धि हो



विधायक संजीव अग्रवाल ने विधानसभा में नियम 301 के तहत लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि एवं सुविधाओं में वृद्धि की मांग उठाई। जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानी सम्मान के हकदार हैं। वर्तमान में अधिकांश सेनानी वृद्धावस्था व स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, इसलिए उनकी सम्मान राशि बढ़ाई जानी चाहिए। आश्रितों को स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के समान चिकित्सा व सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी की।

## हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का लाभ बरेली को मिलने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **यात्रियों के लिए लखनऊ और दिल्ली आने-जाने के लिए ज्यादा समय खराब करना नहीं पड़ेगा**

**अमृत विचार :** दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड रेल कॉरिडोर यूपी को नई रफ्तार देगा। साथ ही बरेली मंडल के जिलों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद बढ़ गयी है। नोएडा, आगरा, मथुरा, मुरादाबाद जैसे शहर भी इस रेल कॉरिडोर से जुड़ रहे हैं। बरेली भी दिल्ली-लखनऊ के मध्य बड़ा शहर है और यहां पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल भी है, इसलिए कॉरिडोर का लाभ बरेली को मिलने की संभावना जतायी जा रही है।

बताते हैं कि इस कॉरिडोर का लक्ष्य दिल्ली और वाराणसी के बीच यात्रा के समय को तीन घंटे तक कम करना है, इससे यात्रा बहुत तेज और सुविधाजनक बनेगी। हालांकि, यूपी बजट में इसे विस्तार देने का प्रावधान है लेकिन यह स्थिति स्पष्ट नहीं की गयी है कि दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड रेल कॉरिडोर कितने शहरों को जोड़ते हुए निकलेगा। रेलवे अधिकारियों ने संभावना जतायी है। वहीं, प्रशासनिक अफसरों का कहना है कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस के बाद यदि बरेली के पास से रेल कॉरिडोर गुजरेगा तो इसका लाभ कई तरह से होगा। एक तो जहां से रेल कॉरिडोर गुजरेगा, उस क्षेत्र की जमीनें महंगी होंगी। इसके साथ रोजगार के नए साधन खुलेंगे। हालांकि, रेलवे के अधिकारी इस परियोजना पर खुलकर बोलने से कतरा रहे हैं।

रेलवे के अधिकारियों ने साफ किया है कि दिल्ली-वाराणसी के बीच 790 किलोमीटर का हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बरेली होकर गुजरेगा। इसे बुलेट ट्रेन के संचालन के लिहाज से विकसित किया जाएगा।

भविष्य में इस रेल कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेनें 300 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी। बरेली से एक घंटे में दिल्ली और एक घंटे में लखनऊ पहुंचा जा सकेगा। साथ ही, भिटौरा स्टेशन को कंटेनर हब के रूप में विकसित करने की भी तैयारी है।

# स्वास्थ्य बजट में बढ़ोत्तरी से मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

- **ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं के सशक्तीकरण को मिलेगी दिशा**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी सरकार के बुधवार को पेश किए गए बजट में स्वास्थ्य सेवा के लिए किए गए प्रावधानों को जिले के डॉक्टर स्वागत योग्य मान रहे है। डॉक्टर्स का कहना है कि सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 10 प्रतिशत बजट का इजाफा किया है। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और गरीब तबके के मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सकेगा।

योगी सरकार ने बजट में स्वास्थ्य विभाग को भी मजबूत किया गया। इससे शहर में रहने वाले सामान्य वर्ग के मरीजों से लेकर गांव में रहने वाले गरीब तबके तक बेहतर इलाज पहुंच सकेगा।

बजट में जननी सुरक्षा कार्यक्रम को समस्त जनपदों में लागू किया गया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य सेवा के लिए ब्लॉक स्तर पर दो मेडिकल टीमों को तैनात किया जाएगा।



प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए बजट को 10 प्रतिशत बढ़ाया गया है। यह बहुत हितकारी है। यह सामान्य वर्ग के लोगों को अच्छी सुविधा दिला पायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को इलाज मिल सकेगा। ब्लॉक स्तर तक टीमों का गठन होने से वहां के लोगों के साथ साथ वहां के स्कूलों में पढ़ रहे छात्र छात्राओं का समय पर चेकअप और इलाज मिल सकेगा। बजट से हर तबके को लाभ होगा।
**-डॉ. सुदीप सरन**



स्वास्थ विभाग का बजट आवंटन कम है। 1,04,599 करोड़ का बजट है, जो कि वर्तमान स्वास्थ्य व्यवस्था को देखते हुए काफी कम है। कुल धनराशि में इसका हिस्सा 2 प्रतिशत से भी कम है। महंगी होती स्वास्थ्य सेवाओं को देखते हुए गरीब जनता के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं लचर होती जा रही हैं, जिससे गरीबों के इलाज के लिए शहरों की ओर भागना पड़ता है। **-डॉ. अनीस बेग**



स्वास्थ्य अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के विस्तार, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं के सशक्तीकरण जैसे प्रावधान राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देंगे। यह बजट न केवल उपचार की गुणवत्ता में सुधार करेगा, बल्कि आमजन की सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को भी सुनिश्चित करेगा। इन घोषणाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन प्रदेश को स्वस्थ उत्तर प्रदेश की ओर दृढ़ता से अग्रसर करेगा। **-डॉ. राजेश कुमार**, पूर्व अध्यक्ष आईएमए बरेली

## बजट : बच्चों की पढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य पर फोकस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी सरकार ने पढ़ाई में बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों को स्मार्ट तरीके से पढ़ाया जाएगा। इसके लिए परिषदीय स्कूल को स्मार्ट स्कूल में तैयार किया जाएगा। इसमें पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ डिजिटल तकनीकों में प्रोजेक्टर, स्मार्ट बोर्ड, टैबलेट, एआई का उपयोग करके शिक्षा को अधिक प्रभावी और आकर्षक बनाना है। छोटी उम्र में बच्चों को जब इन तकनीकों को सिखाया जाएगा तो उनका भविष्य और मजबूत बनेगा।

जनपद बरेली में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल मिलाकर 2484 स्कूल हैं। राज्य सरकार अभी कक्षा एक से लेकर आठ तक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को निःशुल्क यूनिफार्म, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध करा रही है। अब बच्चों को भविष्य बेहतर बनाने के लिए बजट में समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत राज्य निधि से सभी प्राथमिक स्कूलों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस नई योजना के लिए प्रत्येक जिले को करीब चार करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे, बरेली को भी इतनी ही धनराशि मिलेगी। इसका लाभ जिले के बरेली कॉलेज समेत कई सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों को मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत संस्थान में केंद्र की स्थापना होगी। मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, प्रभावित लोगों की सहायता करने और कलंक को खत्म करने के उद्देश्य से लागू की जा रही है।

### स्नातक और परास्नातक की मेधावी छात्राओं को स्कूटी

इस बार के बजट में रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना 2026 भी लायी गयी है। इस योजना का लाभ उन छात्राओं को मिलेगा जो उच्च शिक्षा में स्नातक और परास्नातक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। इस योजना के लिए जिला स्तर पर कमेटी बनेगी, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को उनके प्रदर्शन को देखते हुए चयनित करेगी।

## नीलामी के बाद कोयला आयात केवल दो फीसदी घटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जानबूझकर विदेशी कोयले का अधिक आयात किया जा रहा: नीरज मौर्य**

**अमृत विचार :** वाणिज्यिक कोयला खनन के चार चरणों की नीलामी के बावजूद वर्ष 2024-25 में कोकिंग कोयले के आयात में केवल 2.10 प्रतिशत की मामूली कमी आई है। कोयला मंत्री के अनुसार 2024-25 में 57.58 मिलियन टन कोकिंग कोल का आयात किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहद सीमित गिरावट दर्शाता है। कोयला मंत्री ने यह उत्तर आंवला सांसद नीरज मौर्य के प्रश्न पर दिया है।

सांसद नीरज मौर्य ने प्रश्न किया कि वाणिज्यिक कोयले की चार चरणों की नीलामी के बाद आयात में वास्तविक कमी कितनी आई है। सरकार ने जवाब दिया कि वाणिज्य में उपयोग होने वाले विशिष्ट प्रकार के कोयले का देश में सीमित भंडार है और इस कारण उसका आयात आवश्यक है। सांसद ने आरोप लगाया कि जानबूझकर विदेशी कोयले का आयात अधिक किया जाता है, जबकि विदेशी और देसी कोयले की कैलोरिफिक वैल्यू में बहुत बड़ा अंतर नहीं है।

एक अन्य सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि ग्रामीण डाक सेवकों को विभागीय दर्जा देने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। 'दर्पण' उपकरणों और नेटवर्क समस्याओं पर मंत्रालय ने कहा कि दूरदराज क्षेत्रों में कभी-कभी तकनीकी दिक्कतें आती हैं, पर उनका तत्काल समाधान कर दिया जाता है। इससे सेवाओं पर गंभीर असर नहीं पड़ता।

## बिना डॉक्टर की सलाह के न लें एंटीबायोटिक दवाएं

**बरेली, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह का कहना है कि आज के समय में लोग बिना चिकित्सीय परामर्श के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पढ़कर एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करना शुरू कर देते हैं। यह स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। लोग सामान्य सर्दी जुकाम और हल्के संक्रमण में भी मेडिकल स्टोर से दवा लेकर स्वयं सेवन करने लगते हैं। एंटीबायोटिक दवाओं का गलत व अनियंत्रित उपयोग शरीर में एंटीबायोटिक्स रेजिस्टेंस (दवा प्रतिरोधक क्षमता) विकसित कर देता है। इससे भविष्य में गंभीर बीमारियों के इलाज में दवाएं असर करना बंद कर देती हैं। सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लोगों को जागरूक करते रहें कि बिना किसी चिकित्सक के परामर्श के एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग न करें।

## समयबद्ध विकास कार्य से सूचना के अधिकार पर भी पड़ता है प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सर्किट हाउस पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**अमृत विचार:** बुधवार को सर्किट हाउस पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने मीडिया से बातचीत करते मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जनपद बरेली को टॉप फाइव में स्थान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उकहा कि जिलाधिकारी की निगरानी में समय सीमा के अंतर्गत विकास कार्य संपादित होते हैं, तब उसका सकारात्मक प्रभाव सूचना के अधिकार पर भी पड़ता है।



सूचना अधिकार अधिनियम में जवाब देने की समय सीमा तीस दिन निर्धारित की गई है। जब अधिकारी प्रत्येक कार्य निर्धारित समय में करते हैं तो आमजन को भी राहत मिलती है। डैशबोर्ड में प्रदेश की प्रगति का आकलन होता है। पिछले वर्ष दिसंबर की रैंकिंग में बरेली को विकास और राजस्व कार्यों की संयुक्त श्रेणी में पहला स्थान मिला। इनमें सड़क, आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर राजस्व वसूली तक, हर विभाग की कार्यप्रणाली की यहां समीक्षा होती है। बरेली में शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। राजस्व मामलों में लंबे समय से लंबित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण हुआ है। कहा कि बाबा अलखनाथ, त्रिवटीनाथ, धोपेश्वरनाथ, तपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, वनखंडीनाथ और पशुपतिनाथ मंदिरों को जोड़कर विकसित हो रहे नाथ कॉरिडोर से यहां की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नई गति मिली है।

## सिटी डायरी



### डीएम के पिता के तेरहवीं संस्कार में अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी पिता दिनेश बहादुर सिंह तेरहवीं संस्कार पर बुधवार को डीएम आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ब्राह्मण भोज एवं प्रसाद ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने पहुंचकर दिवंगत दिनेश बहादुर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत दिनेश बहादुर सिंह की पत्नी प्रेमलता सिंह, डीएम अविनाश सिंह, रूबी सिंह, रजत सिंह, पल्लवी सिंह, आरती सिंह, सुरेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, ज्योति सिंह एवं परिवारीजनों के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ. उमेश गौतम, पूर्व विधायक राजेश कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एडीजी रमित शर्मा, कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी, डीआईजी अजय कुमार साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह, एडीएम जे देश दीपक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार आदि शहर के गणमान्य लोग पहुंचे।



### शब्दों के जादूगर थे प्रो. एनएल शर्मा : प्रो. राजकुमार

**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की ओर से शिक्षाविद प्रो. एनएल शर्मा की स्मृति में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन बिहारीपुर स्थित इन्द्र देव त्रिवेदी के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद प्रो. राजकुमार वार्ष्णेय ने कहा कि प्रो. एनएल शर्मा शब्दों के अदभुत जादूगर थे। सभी उपस्थित लोगों ने उन्हें कुशल, विद्वान और प्रखर वक्ता बताते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं प्रो. प्रवीण अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रो. राजकुमार वार्ष्णेय, रमेश गौतम, क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा और महासचिव प्रदीप माधवार, अरुणा सिन्हा, प्रकाश सक्सेना, इन्द्र देव त्रिवेदी, जितेंद्र सक्सेना, निर्भय सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा, विनोद गुप्ता, लवलीन कपूर, जितेन्द्र मिश्रा, रामप्रकाश ओज और राजीव सक्सेना ने एनएल शर्मा के साथ के अपने प्रसंग साझा किये। प्रो. एनएल शर्मा को समर्पित पत्रिका विविध संवाद का अतिथियों ने विमोचन भी किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया।

### पंजाब नेशनल बैंक ने छात्रों को किया खेल किट का वितरण



**बरेली, अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक ने कार्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधि के अंतर्गत खेल किट वितरण समारोह आयोजित किया। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल के तीन विद्यालयों के छात्र शामिल हुए। एथलेटिक्स मीट में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वालों को खेल किट दी गयी। बैंक के बरेली मंडल के मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे, मुख्य प्रबंधक धरिंदर तिवारी एवं मोईन अख्तर, पूर्वोत्तर रेलवे मंडल इज्जत नगर से अपर मण्डल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक एवं मंडल क्रीडा अधिकारी रत्नेश कुमार सिन्हा, मंडल क्रीडा सचिव गीता शर्मा, नर्वो महिला कल्याण समिति रेलवे की उपाध्यक्ष सोनल सोनी, सचिव निधि श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष ज्योति राव आदि उपस्थित रहे। आयोजन पीएनबी, डीआरएम ऑफिस की शाखा प्रबंधक एकता वर्मा ने किया। सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत लगभग 100 छात्र लाभान्वित हुए।

## वृद्धाश्रम से 40 संवासी स्नान के लिए प्रयागराज रवाना

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम से बुधवार शाम 40 संवासियों ने प्रयागराज के लिए माघ मेला-2026 में स्नान करने के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान संवासी उत्साहित नजर आए।

उप निदेशक समाज कल्याण अजय वीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। त्रिवेणी स्नान के लिए 41 संवासियों को जाना था लेकिन संवासिनी पार्वती गुप्ता अस्वस्थ हो जाने के कारण प्रयागराज नहीं जा सकीं। वृद्धाश्रम की ओर से कांता गंगवार, मनोज कुमार, रचना चौहान, भक्ति सिंह, रज्जो और एमएस यादव संवासियों के साथ गये हैं।

## दोहरायी कर्मचारी हितों के लिए प्रतिबद्धता

- **ट्रेड यूनियन एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे की मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष अखिलेश पांडे बुधवार को इज्जतनगर पहुंचे। जहां पर यूनियन पदाधिकारियों और रेल कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने लोको शेड इज्जतनगर में मीटिंग कर कर्मचारियों से कहा कि आज पूर्वोत्तर रेलवे में ऐसा संगठन मान्यता में है, जो निरंतर कर्मचारी हितों में कार्य कर रहा है और अंतिम पंक्ति के कर्मचारी की छोटी से छोटी समस्या को भी पूरे ध्यान से सुनकर उसके समुचित निराकरण के लिए सदैव तत्पर है।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

दोपहर बाद कारखाना और मंडल के पदाधिकारियों की संयुक्त कार्यकर्ता बैठक हुई। जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों के साथ ही विगत एक वर्ष में हॉस्पिटल, कालोनियों एवं कार्मिक विभाग में कर्मचारी हितों में करवाए कार्यों की समीक्षा की गई। शाम को कारखाना गेट पर एक आम सभा का आयोजन किया गया। कारखाना अध्यक्ष अनवारूल हसन, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, कारखाना मंडल संरक्षक संतोष यादव, मंडल उपाध्यक्ष एस पीसिंह और केंद्रीय अध्यक्ष अखिलेश पांडे ने कहा कि चुनाव में जो वायदे किए गए थे, वे आज पूरे हो चुके हैं। संरक्षक संतोष यादव ने आभार जताया। केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपी उपाध्याय, इज्जतनगर मण्डल मंत्री रजनीश तिवारी, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह समेत अन्य रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

## अलखनाथ पहुंची आकाशवाणी टीम

**बरेली, अमृत विचार:** रेडियो सप्ताह के तीसरे दिन आकाशवाणी की टीम बाबा अलखनाथ मंदिर पहुंची। आकाशवाणी बरेली के कार्यक्रम प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव और उनके सहयोगी एसाइनी उद्घोषक देवेन्द्र रावत और प्रदीप मिश्रा के साथ श्रोताओं से मिलने अलखनाथ मंदिर पहुंचे। रेडियो श्रोता अपने बीच में टीम को पाकर बहुत उत्साहित हुए। मिथिलेश श्रीवास्तव ने श्रोताओं से रेडियो से जुड़ाव, लगाव, और पसंद के बारे में चर्चा शुरू की तो श्रोताओं ने भी खुलकर अपनी बात रखी। रेडियो श्रोता बेचे लाल गंगवार ने कहा कि आकाशवाणी के कार्यक्रम सुनकर उनके अंदर महत्वपूर्ण परिवर्तन आए। बरफा देवी ने कहा कि उनके विवाह पर रेडियो की अमूल्य सौगात मिली, जिसने उनके जीवन जीने के नजरिए को सिखाया। राम प्रसाद शर्मा, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### युवाओं को राष्ट्र निर्माण और नशा मुक्ति का संदेश

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की एनएसएस छात्रा इकाई प्रथम, द्वितीय और तृतीय की ओर से दूसरा एक दिवसीय शिविर बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और पुष्पार्चन से हुआ। प्रथम चरण में वाणिज्य विभाग के डॉ. विकास शर्मा ने अखंड भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, मातृभाषा और संस्कृति पर गर्व करने तथा सकारात्मक सोच के साथ एकता बनाए रखने पर जोर दिया। दूसरे चरण में एनएसएस वॉलिंटियर्स को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करते हुए सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमिता गुप्ता, डॉ. अजिता सिंह तिवारी, डॉ. शीतल गुप्ता आदि स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

### किराना कारोबारियों को पुराना कुट्टू आटा नष्ट करने को किया आगाह

**बरेली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर भक्तों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो, इसके मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग सतर्क हो गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने निर्देश जारी कर किराना कारोबारियों को आगाह किया है कि अपने प्रतिष्ठान से पुराना कुट्टु का नष्ट कर दें। घर में रखा पुराना कुट्टु का सेवन न करने की अपील की है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है, महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सभी लोग फलाहार भोजन में फलों, सूखे मेवों, दूध, एवं दुग्ध उत्पाद दही का सेवन कर सकते हैं। कुट्टु का आटा सेवन करने से पहले सावधानी बरतें। बाजार से साबुत कुट्टु खरीदकर उसको पहले गर्म पानी से अच्छी तरह धोकर सुखा लें, फिर उसे पीसकर आटे को साफ सूखे स्टेनलैस स्टील के बर्तन में भरकर अच्छी तरह से बंद कर दें।

## शहर में आज

- देशव्यापी हड़ताल पर संयुक्त संगठनों की ओर से सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना-प्रदर्शन सुबह 10 बजे से और कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन दोपहर 2 बजे।
- दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विंडरमेयर थियेटर फेस्ट में नाटक का मंचन शाम 7 बजे।
- श्री हरमिलाप शिव शक्ति मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे।
- देशव्यापी हड़ताल को लेकर बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन का रामपुर गार्डन स्थित यूनियन बैंक पर प्रदर्शन सुबह 10 .30 बजे।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय में एनुअल स्पोर्ट मीट का समापन एवं पुरस्कार वितरण दोपहर 2 बजे।

# बालिका वर्ग में फायजा बनीं व्यक्तिगत चैंपियन

## बालक वर्ग कबड्डी में आलमपुर की टीम रही विजेता, स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय 40 वीं खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। दूसरे दिन प्राथमिक और जूनियर वर्ग में बालक और बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में दमखम दिखाया। विजेताओं और उपविजेता टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सहायक शिक्षा निदेशक डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि खेल से बच्चों में अनुशासन और टीम भावना पैदा होती है। बीएसए डॉ. विनीता ने कहा कि खेलों में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता संयोजक मुकेश कुमार ने कहा कि दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे मनोयोग से प्रतिभाग किया। मीरगंज के खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार, आलमपुर के सतीश वर्मा, नगर क्षेत्र के तौसीफ, क्यारा के पूरन सिंह, एसआरजी अनिल चौबे, जिला व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार, भानु प्रताप सिंह, केसी पटेल, प्रियंका शुक्ला, प्रवेश कुमारी, राखी गंगवार, विनोद कुमार, जितेंद्र गंगवार, विशेष गंगवार, अरविंद कुमार, महेंद्र गुर्जर, राज पलियाल आदि मौजूद रहे।

**50 मीटर दौड़ में फरीदपुर के अंशुल प्रथम :** प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में फरीदपुर के अंशुल प्रथम, शेरगढ़ के सोहेल द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में भोजीपुरा के अल्तमश प्रथम, फरीदपुर के अंशुल द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में भोजीपुरा के अल्तमश प्रथम, मझगवां के अमित द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में भोजीपुरा के अल्तमश प्रथम, रामनगर के अनमोल द्वितीय स्थान पर रहे। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में भुता के अनिकेत प्रथम, मझगवां के अवधेश द्वितीय स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग कबड्डी में आलमपुर प्रथम, क्यारा द्वितीय स्थान पर रहा। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में बिथरी चैनपुर प्रथम, नवाबगंज द्वितीय स्थान पर रहा। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग व्यक्तिगत चैंपियन में भोजीपुरा के अल्तमस प्रथम, फरीदपुर के अंशुल द्वितीय और उच्च प्राथमिक स्तर पर भुता के अनिकेत प्रथम और मझगवां के कमल सिंह द्वितीय स्थान पर रहे।



कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार



स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर अतिथि एवं बच्चे। ● अमृत विचार

### बालिका वर्ग कबड्डी में नवाबगंज विजेता

बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में शेरगढ़ की फायजा प्रथम, नवाबगंज की शीला द्वितीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में फरीदपुर की हिमांशी प्रथम, भुता की इफरा द्वितीय स्थान पर रहीं। उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में शेरगढ़ की निकिता प्रथम, मझगवां की प्रियंका द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में शेरगढ़ की सीमा देवी प्रथम, मझगवां की नीरज द्वितीय स्थान पर रही। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग कबड्डी में नवाबगंज प्रथम, फतेहगंज द्वितीय स्थान पर रहा। उच्च प्राथमिक वर्ग में रामनगर प्रथम और मझगवां द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर व्यक्तिगत चैंपियन में शेरगढ़ की फायजा प्रथम, भुता की इफरा द्वितीय स्थान पर रहीं। उच्च प्राथमिक स्तर पर शेरगढ़ की लता प्रथम, आलमपुर जाफराबाद की उषा द्वितीय स्थान पर रहीं।

### बिथरी चैनपुर, नवाबगंज के बीच फाइनल में विवाद

उच्च प्राथमिक बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में बिथरी चैनपुर प्रथम, नवाबगंज द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के शुरुआत में ही दोनों टीमों के बीच एक प्वाइंट को लेकर विवाद हो गया। दोनों ब्लॉक के शिक्षक अपनी-अपनी टीमों के प्वाइंट के लिए आपस में बहस करने लगे। अन्य शिक्षकों को बीच बचाव किया। फाइनल मुकाबला दोबारा हुआ। जिसमें बिथरी चैनपुर ने नवाबगंज को बड़े अंतर से हराया।

### बैडमिंटन और टेबल टेनिस में कर्मचारी वर्ग विजेता

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 51 वें स्थापना दिवस पर दूसरे दिन बुधवार को पंडित दीनदयाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह और क्रीड़ा सचिव प्रो. एसएस बेदी ने किया। प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रस्साकसी के पुरुष वर्ग में शिक्षक वर्ग प्रथम और कर्मचारी वर्ग द्वितीय स्थान पर रहा। महिला वर्ग में शिक्षक वर्ग प्रथम और कर्मचारी वर्ग द्वितीय स्थान पर रहा। कबड्डी में कर्मचारी वर्ग के आदित्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को प्रथम स्थान दिलाया। शिक्षक वर्ग द्वितीय स्थान पर रहा। वालीबॉल में भी कर्मचारी वर्ग प्रथम और शिक्षक वर्ग द्वितीय रहे। बैडमिंटन में कर्मचारी वर्ग प्रथम और शिक्षक वर्ग द्वितीय स्थान पर रहा। जबकि महिला वर्ग में शिक्षक प्रथम और कर्मचारी द्वितीय स्थान पर रहे। टेबल टेनिस पुरुष वर्ग में कर्मचारी टीम ने प्रथम और शिक्षक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में शिक्षक प्रथम और कर्मचारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. एके सिंह, प्रो. जेएन मौर्या, प्रो. प्रेम पाल सिंह, प्रो. उपेंद्र बालियान, तपन कुमार आदि उपस्थित रहे।



### अभा सिविल सर्विसेज बैडमिंटन के लिए नईम और अर्चना का चयन



शिक्षक अर्चना राजपूत और नईम अहमद।

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के मंडलीय सचिव और पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षक नईम अहमद और राजकीय हाई स्कूल बढ़ेपुरा नवाबगंज की प्रधानाचार्य अर्चना राजपूत का चयन 15 से 21 फरवरी तक 55 वर्ष आयु में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की 24 सदस्यीय टीम में हुआ है। इस प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद बंदोडकर क्रीड़ा संकुल पेद्मा मापुसा गोवा में होगा। एनएसएस में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अर्चना राजपूत को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वर्चुअल रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कर चुके हैं। जबकि खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नईम अहमद को मुख्यमंत्री राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, डीडीआर मुन्ने अली, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार, प्रधानाचार्य जीआईसी ओमप्रकाश राय, उप-प्रधानाचार्य कुसुम राजपूत, डॉ. गजराम सिंह व शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है।

## हरि नाम जाप करने से ही संभव है आध्यात्मिक उत्थान



हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में कथा के दौरान भजनों पर झूमते भक्त। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन**

**अमृत विचार :** हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में कथा के दूसरे दिन प्रवचन में कथा व्यास वरुण दास ने कहा कि भागवत के अनुसार जीव के कल्याण का मार्ग सरल और सीधा है। हरि नाम का नियमित जाप करने से व्यक्ति का आध्यात्मिक उत्थान संभव है। आयोजन पंजाबी महासभा महिला इकाई एवं मंदिर समिति की ओर से किया जा रहा है।

कथा 16 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 6 से 9 बजे तक चलेगी। महिला इकाई की अध्यक्ष मनीषा आहूजा ने बताया कि आयोजन में सभी सदस्य उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष राम सेठी एवं महिला मंडल ने वृंदावन से आई टीम का स्वागत किया। आयोजन में यजमान के रूप में मुकेश आहूजा, मनीषा आहूजा, संदीप अदलखा और रंजू अदलखा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भावना सेठी, सिम्मी आनंद, पूनम अरोरा, पूजा नारंग, पवन नारंग, बलविंदर कौर, सोनिया सेठी, सुमन अरोरा, रूमा गंभीर, अलिंदा, रचना आनंद, कृष्णा नागपाल और रश्मि सरपाल आदि का सहयोग रहा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा महानगर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि सिविल लाइंस के एक होटल में मनाई। मुख्य वक्ता बृज प्रांत संचालक शशांक भाटिया ने कहा कि हमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वह एक महान भारतीय नेता, विचारक और सामाजिक कार्यकर्ता थे।

बृज प्रांत संचालक शशांक भाटिया, मेयर डॉ. उमेश गौतम, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना सहित अन्य नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मेयर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय हमारे आदर्श हैं। नैतिकता के सिद्धांत किसी के द्वारा बनाए नहीं जाते, बल्कि खोजे जाते हैं, यह बात पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कही थी। संचालन महामंत्री प्रभु दयाल लोधी ने किया। रामगोपाल मिश्रा, डॉ. विमल भारद्वाज, मनीष अग्रवाल, डॉ तृप्ति गुप्ता, डॉ. विनोद पागरानी, विष्णु शर्मा, रेखा श्रीवास्तव, बंटी ठाकुर, प्रवेश वर्मा, नीलम जेठा, योगेश कुमार, संजीव शर्मा, अमन सक्सेना, राजकिशोर कश्यप, रितेश मोहन गुप्ता, पवन अरोड़ा रहे।



कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते बृज प्रांत संचालक शशांक भाटिया, मेयर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार

### रुहेलखंड विश्वविद्यालय में बोले वक्ता, भारत की मूल चेतना से जुड़ा है पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन



**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ में भारत रत्न पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, व्यक्तित्व और दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उनके राष्ट्रवादी चिंतन तथा एकात्म मानववाद की अवधारणा को रेखांकित करते हुए वर्तमान सामाजिक-आर्थिक संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन भारत की मूल चेतना से जुड़ा हुआ है, जो समग्र मानव विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के समन्वयक डॉ. सौरभ वर्मा, सह-समन्वयक विमल कुमार, डॉ. अमित वर्मा, रश्मिरंजन, पुष्पेंद्र मौर्य सहित अनेक शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पं. दीनदयाल का पूरा जीवन संगठन और राष्ट्र की सेवा में रहा समर्पित



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा के संगठनात्मक जिला बरेली ने पीलीभीत रोड स्थित एक होटल में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई। पीलीभीत जिला प्रभारी एवं मुख्य वक्ता गुलशन आनंद ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन संगठन और राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहा। पूर्व जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रेरणा और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार लोक कल्याण के लिए काम कर रही है। जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल का जीवन राष्ट्र की सेवा और उसके समर्पण का प्रतीक है। वह हमेशा कहते थे कि पंक्ति के अंत में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, तभी अंत्योदय की भावना साकार हो सकती है। हरीशंकर गंगवार, प्रशांत पटेल, अभय चौहान, वीरपाल गंगवार, मेघनाथ कठेरिया, डॉ निर्भय गुर्जर, तेजेश्वरी सिंह, विशाल गंगवार, राहुल साहू, अंकित माहेश्वरी, सत्येंद्र यादव, योगेश पटेल, डॉ मनोज गुप्ता, प्रमोद सागर, पूजा गंगवार, डॉ मीनाक्षी गंगवार, सम्राट सिंह, मुकेश राजपूत, देवेंद्र सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं के विकास में अनुशासन अहम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अतिरिक्त महानिदेशक एनसीसी निदेशालय के वीएसएम मेजर जनरल गौरव गौतम ने बुधवार को एनसीसी ग्रुप मुख्यालय बरेली का अपना प्रथम आधिकारिक दौरा किया। यहां उन्हें भव्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संदीप वर्मा ने ग्रुप की वर्तमान प्रशिक्षण गतिविधियों, संस्थागत पहलों तथा सामुदायिक सेवा अभियानों पर विस्तृत जानकारी दी। अतिरिक्त महानिदेशक ने एनसीसी की प्रमुख गतिविधियों और भावी योजनाओं की समीक्षा की। युवाओं के सर्वांगीण विकास, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने में संगठन की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। अपने संबोधन के बाद उत्कृष्ट योगदान के लिए चयनित पीआई स्टाफ, एएनओ एवं कैडेट्स को पदक प्रदान किये।



एनसीसी ग्रुप मुख्यालय पर मेजर जनरल गौरव गौतम व अन्य। ● अमृत विचार

## राहत : तीन सौ बेड अस्पताल में यूरिक एसिड की जांच शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में यूरिक एसिड की जांच शुरू हो गई है। इससे मरीजों को राहत मिली है। चिकित्सकों के अनुसार परेशानी इन दिनों बड़ी संख्या में लोगों में यूरिक एसिड बढ़ रहा है। इसका सामान्य स्तर महिलाओं और पुरुषों में अलग-अलग होता है। ज्यादातर किडनी या लीवर की फंक्शनिंग में दिक्कत आने के कारण यूरिक एसिड बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। नॉनवेज का ज्यादा सेवन करने से भी यूरिक एसिड बढ़ सकता है।

# कश्मीरी युवाओं ने डॉक्यूमेंट्री में सहेजीं बरेली की यादें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रुहेलखंड विश्वविद्यालय में वतन को जानो कार्यक्रम का समापन**

**अमृत विचार :** मेरा भारत युवा, खेल मंत्रालय और ग्रह मंत्रालय की ओर से एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित छह दिवसीय वतन को जानो कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह, विशिष्ट अतिथि एसडीएम नवाबगंज निधि शुक्ला, पूर्व डीएसपी जेएस पाटनी और यूपी सरकार के प्रदेश सचिव उप्र अपराध निरोधक समिति रवि गोयल रहे।

कश्मीर से आए युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कश्मीर की समृद्ध लोकसंस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। वहीं, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी विविधता को रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदर्शित किया। श्रीनगर टीम ने पिछले पांच दिनों की गतिविधियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की। डॉक्यूमेंट्री में बरेली भ्रमण, शैक्षणिक संस्थानों के दौरे, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं आपसी संवाद के प्रेरणादायक क्षणों को दर्शाया गया। छात्रों को पांचाल संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया। सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। माय भारत बरेली की उपनिदेशक पुष्पा सिंह, जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, डॉ. अनिल बिष्ट, डॉ. छवि शर्मा, जहीर अहमद, नसीर अहमद, राज्य प्रशिक्षक अजय राज शर्मा, अमित तोमर आदि उपस्थित रहे।




वतन को जानो प्रोग्राम के समापन पर पारंपरिक परिधान में शामिल हुए युवा। ● अमृत विचार

# प्रखर चांदनी में दिखा जिंदगी का कड़वा सच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल में हुआ डी फॉर ड्रामा के चर्चित नाटक कौमुदी का मंचन**

**अमृत विचार:** विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल के तीसरे दिन डी फॉर ड्रामा के चर्चित नाटक कौमुदी का प्रभावशाली मंचन हुआ। इसने दर्शकों को गहन भावनात्मक और वैचारिक यात्रा पर ले जाकर जिंदगी के कड़वे सच से रूबरू कराया।

अभिषेक मजूमदार के लेखन और निर्देशन में प्रस्तुत नाटक ने सशक्त अभिनय, सटीक मंच सज्जा और प्रभावशाली लाइट डिजाइन के दम पर महोत्सव में अलग पहचान बनाई।नाटक की कहानी एक प्रतीकात्मक चांदनी रात से शुरू होकर 1960 के दशक के इलाहाबाद तक पहुंचती है। इसमें लगभग नेत्रहीन हो चुके वरिष्ठ अभिनेता सत्यशील की कहानी दिखाई गई जो वर्षों से एकलव्य की भूमिका निभाते रहे हैं और रिटायरमेंट से पहले अंतिम तीन प्रस्तुतियां देने वाले हैं। उनकी जगह लेने वाले परितोष के साथ रिश्तों के खुलते रहस्य और पिता-पुत्र के जटिल संबंध कथा का भावनात्मक केंद्र बनते हैं।



विंडरमेयर में कौमुदी नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

अभिषेक मजूमदार ने नाटक के भीतर नाटक जैसे कठिन प्रयोग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। एकलव्य-अभिमन्यु और पिता-पुत्र की समानांतर कहानियों के माध्यम से कला, नैतिकता, जातिगत असमानता और पारिवारिक तनाव जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक विमर्श सामने आया। कुमुद मिश्रा, शुभ्राज्योति बराट, गोपाल दत्त और संदीप शिखर के अभिनय ने प्रस्तुति को और मजबूती दी।

## जीजीआईसी में कॅरियर गाइडेंस, सिखायी काउंसलिंग

**अमृत विचार, बरेली:** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम कराया गया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय स्तर पर कैरियर गाइडेंस से संबंधित गतिविधियां करियर काउंसलिंग, ग्रुप काउंसलिंग, पंख डायरी, पोर्टल लॉगिन थीम को समझाया गया। प्रतियोगिता में राजकीय हाई स्कूल इनायतपुर को प्रथम स्थान, अलीपुर को द्वितीय और नवीन नगर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

# समन्वित प्रयास से ही जल संरक्षण संभव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम-भूजल संरक्षण के वैज्ञानिक उपायों पर जोर**
- **पर्यावरण विज्ञान विभाग और राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से हुआ कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में केंद्रीय भूजल बोर्ड लखनऊ की ओर से पर्यावरण विज्ञान विभाग और राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान रायपुर के सहयोग से भूजल का सतत विकास एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भूजल संरक्षण जागरूकता और सतत जल प्रबंधन के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण विकसित करना रहा।

मुख्य अतिथि देव मूर्ति ने जल संरक्षण के लिए शिक्षा और प्रशासन के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि अभिनव अग्रवाल ने उद्योग और समाज के सहयोग से जल प्रबंधन को प्रभावी बनाने की बात कही पीके सिंह और किरण सिंह, राहुल कुमार ने भी विचर व्यक्त किये। 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि और वक्ता एवं शोधार्थी। ● अमृत विचार